फाइल संख्या पी-11015/1/2023-पीपीसी

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(पॉलिसी प्लानिंग सेल)

**नई दिल्ली, दिनांक: 27 जून 2023**

विषय: मई, 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की महत्वपूर्ण गतिविधियों के संबंध में मंत्रिमंडल के लिए सारांश (नंबर-5)।

मई, 2023 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन इस प्रकार हैं:-

1. **सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 9 वर्ष**

1.1 माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 27 मई 2023 को सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा **सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पर एक नेशनल कान्क्लेव** का आयोजन किया गया था। इस एक दिवसीय कॉन्क्लेव को विज्ञान भवन में एक उद्घाटन सत्र, तीन विषयगत पैनल चर्चाओं यथा **"भारत: सर्जिंग अहेड"**, **"जन जन का विश्वास"** और **"युवा शक्ति: गैल्वनाइजिंग इंडिया"** और एक समापन सत्र के साथ आयोजित किया गया। इस कॉन्क्लेव में अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की, यथा श्रीमति निर्मला सीतारमण, माननीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेलवे, संचार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर, माननीय सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, डॉ. एल मुरुगन, माननीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री और अन्य प्रमुख हस्तियां यथा श्री सुनील भारती मित्तल, चेयरपर्सन भारती एंटरप्राइजेज; सुश्री संगीता रेड्डी, अपोलो अस्पताल की संयुक्त प्रबंध निदेशक; सुश्री सिंथिया मैककैफ्रे, भारत में यूनिसेफ प्रतिनिधि; सुश्री देबजानी घोष, नैसकॉम की अध्यक्ष; डॉ. सुरजीत भल्ला, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक; सुश्री सौम्या कांति घोष, ग्रुप चीफ आर्थिक सलाहकार, भारतीय स्टेट बैंक; सुश्री निखत ज़रीन, बॉक्सर; श्री रितेश अग्रवाल, सीईओ, ओयो रूम्स; श्री नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अभिनेता; श्री ऋषभ शेट्टी, अभिनेता आदि विषयगत सत्रों में पैनलिस्टों में शामिल थे।

केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने ***"9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण"*** **विषय पर एक मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का** आयोजन किया, जिसमें 9 वर्षों के दौरान सरकार के विभिन्न कार्यों

और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया और सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई।

1.2 डीडी न्यूज ने राष्ट्रीय कॉन्क्लेव को व्यापक रूप से कवर किया और 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष' में **विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों पर प्रकाश डाला** और इसके साथ-साथ संबंधित मंत्रियों के साक्षात्कार भी लिए गए। सभी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों द्वारा विशेष **कवरेज, कहानियां, चर्चा कार्यक्रम, साक्षात्कार और लाभार्थियों के बाइट्स** प्रसारित किए गए। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने हैशटैग **#9YearsOfSeva** आदि का उपयोग करके साझा किए गए हिंदी और अंग्रेजी वीडियो के बाइट्स, ग्राफिक्स आदि सहित व्यापक सोशल मीडिया प्रचार किया।

1.3 सीबीसी द्वारा ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के मई 2023 के पाक्षिक संस्करण में कवर स्टोरीज़ *"जीवन को आसान बनाने वाली सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता के लिए सेफ्टी नेट सुनिश्चित करना"* और "***संकल्प शक्ति के 9 साल***" को 13 भाषाओं में प्रकाशित किया गया और देश भर में वितरित किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण को MyGov India के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ईमेल के माध्यम से 70.9 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजा गया।

1.4 सीबीसी ने "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" के 9 वर्ष की थीम के साथ एक **अखिल भारतीय प्रिंट अभियान** चलाया। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को तीन अलग-अलग क्रिएटिव का उपयोग करके हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय प्रकाशनों के माध्यम से देश भर में प्रदर्शित किया गया। हिंदी और अंग्रेजी में पॉकेट बुकलेट, लॉन्ग बुक और डॉकेट मुद्रित और पूरे देश में वितरित किए गए।

## 2. कान फिल्म फेस्टिवल, 2023 में भारत की भागीदारी

2.1 सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कान फिल्म महोत्सव 2023 में सहभागिता की। माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के नेतृत्व में एक **तीन सदस्यीय भारतीय उद्योग प्रतिनिधिमंडल** में, सुश्री गुनीत मोंगा, ऑस्कर विजेता निर्माता और श्री कंगाबाम टोम्बा, मणिपुर के पुरस्कार विजेता अभिनेता, जिन्होंने भारतीय अभिनेत्रियों सुश्री ईशा गुप्ता और सुश्री मानुषी छिल्लर की उपस्थिति में कान फिल्म महोत्सव के रेड कार्पेट पर वॉक किया, शामिल थे। "भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन" विषय पर एक इंडिया पवेलियन का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन 17.05.2023 को डॉ.एल.मुरुगन, माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री ने

फ्रांस और मोनाको में भारत के राजदूत महामहिम श्री जावेद अशरफ, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, भारतीय फिल्म हस्तियों यथा सुश्री खुशबू सुंदर (अभिनेत्री), सुश्री गुनीत मोंगा (फिल्म निर्माता), श्री विजय वर्मा (अभिनेता), श्री मधुर भंडारकर (निर्देशक) और सुश्री सारा अली खान (अभिनेत्री) की उपस्थिति में किया। माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से सभा को संबोधित किया।

पहली बार, भारत ने अपनी समृद्ध सिनेमाई संस्कृति की गहराई और विविधता को कान में लाने के लिए भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से प्रतिभाशाली फिल्म निर्माताओं का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भेजा है। इस अवसर पर, कान में क्लासिक्स सेक्शन के तहत चुनी गई मणिपुरी फिल्म 'इशानौ' के डिजिटलीकरण की भी घोषणा की गई और नवंबर 2023 में गोवा में आयोजित होने वाले 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के पोस्टर और ट्रेलर का अनावरण किया गया।

2.2 पूरे उत्सव के दौरान इंडिया पवेलियन में **इंटरैक्टिव सत्रों** की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जैसे 'शी शाइन्स' और 'कनेक्टिंग टुगेदर फॉर टुमॉरोज़ क्रिएटर्स'। दिनांक 19.05.2023 को मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर **'शी शाइन्स'** नामक एक प्रभावशाली सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अभिनेत्री ईशा गुप्ता, ग्रीक-अमेरिकी निर्देशक डैफने श्मोन, फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर और सुधीर मिश्रा ने वक्ता के रूप में भाग लिया और माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने मुख्य भाषण दिया।

2.3 डीडी न्यूज और डीडी इंडिया नेटवर्क ने बड़े पैमाने पर कान फिल्म महोत्सव को कवर किया। डीडी इंडिया पर **India@cannes** और डीडी न्यूज पर **भारत@कान** नामक विशेष दैनिक शो आयोजित किए गए और गणमान्य व्यक्तियों और फिल्मी हस्तियों के साथ विशेष बातचीत प्रसारित की गई।

3. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 17.05.2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में सरकारी संचार से संबंधित मुद्दों पर विचार-मंथन करने और भारत सरकार की संचार और आउटरीच गतिविधियों के संबंध में मार्गदर्शन हेतु एक रोडमैप तैयार करने के लिए **'सुशासन के लिए एक उपकरण के रूप में नागरिक केंद्रित संचार' विषय पर एक दिवसीय 'चिंतन शिविर' का** आयोजन **किया।** माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के चिंतन शिविर का उद्घाटन किया और आईआईएस के अधिकारियों की सभा को संबोधित किया।

4. **मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण**

4.1 मंत्रालय ने **प्रधान मंत्री की मन की बात पुस्तिका का एक विशेष 100वां एपिसोड, अप्रैल 2023 संस्करण** प्रकाशित किया है जिसमें माननीय प्रधान मंत्री द्वारा उनके संबोधन में किए गए विशेष उल्लेखों संबंधी कहानियां और टेस्टेमोनियल शामिल हैं और इसके साथ ही संबोधन पर मीडिया में आये विचार और प्रतिक्रियाएं भी शामिल हैं। इसके ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, PM India और मंत्रालय की मीडिया इकाइयों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों और भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

4.2 भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) की त्रैमासिक पत्रिका संचार सृजन का अप्रैल-जून, 2023 अंक ***"सकारात्मक संचार के सौ एपिसोड"*** विषय से माननीय प्रधान मंत्री के रेडियो कार्यक्रम **"मन की बात"** पर केंद्रित है।

5. **नए संसद भवन का उद्घाटन** - डीडी न्यूज और डीडी इंडिया नेटवर्क ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा **नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन के लाइव प्रसारण को व्यापक रूप से कवर किया, जिसमें उद्घाटन समारोह में उनका संबोधन और** संसद भवन के निर्माण की कहानी को बताती हुई **एक विशेष फिल्म की प्रस्तुति** नए तथा नए संसद भवन में स्थापित **पवित्र सेंगोल पर एक लघु फिल्म की प्रस्तुति** शामिल थे। डीडी न्यूज़ पर *'नया संसद भवन: नए भारत की नई पहचान', 'नया संसद भवन: नया आनंद, नई समृद्धि', 'मेरी संसद मेरा गौरव' आदि विषयों पर* **विशेष कार्यक्रमों की एक श्रृंखला** प्रसारित की गई।

6. सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 03.05.2023 को मुंबई में श्री सुभ्रकांत पांडा (अध्यक्ष, फिक्की) तथा फिक्की, ईवाई और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रसिद्ध अभिनेता श्री आयुष्मान खुराना की उपस्थिति में, मनोरंजन के व्यवसाय पर एशिया के सबसे बड़े और सबसे निर्णायक वार्षिक वैश्विक सम्मेलन में से एक, **फिक्की फ्रेम्स के 23वें संस्करण में उद्घाटन भाषण दिया।** इस अवसर पर, फिक्की-ईवाई मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की 'विंडोज ऑफ ऑपर्च्युनिटी: इंडियाज एम एंड ई सेक्टर मैक्सिमाइजिंग एक्रॉस सेगमेंट' शीर्षक वाली रिपोर्ट भी जारी की गई।

7. **सत्यजीत रे की 102वीं जयंती** - 2 मई, 2023 को, सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) ने 'शतरंज के खिलाड़ी' के डिजिटल रूप से रिस्टोर्ड संस्करण की एक **विशेष स्क्रीनिंग** के साथ सत्यजीत रे की 102वीं जयंती मनाई, जिसके बाद प्रोफेसर एन मनु चक्रवर्ती

द्वारा सत्यजीत रे का सिनेमा और समय की वास्तविकताओं पर एक **सत्यजीत रे मेमोरियल टॉक** का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समापन बंगाली बैंड "बोर्नो अनोयो" के **'रेज़ ऑफ द वर्ल्ड'** नामक लाइव संगीत प्रदर्शन के साथ हुआ। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, श्री जयंत सिन्हा ने एसआरएफटीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महान फिल्म निर्माता को उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी और उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। एनएफडीसी-एनएफएआई द्वारा एक **सत्यजीत रे फिल्म महोत्सव** भी आयोजित किया गया था जिसमें उनकी फिल्में 'गणशत्रु' और 'जलसाघर' प्रदर्शित की गईं।

8. **जी-20 शिखर सम्मेलन संबंधी अभियान**

8.1 डीडी न्यूज नेटवर्क ने भारत के जी20 की अध्यक्षता से संबंधित देश भर में आयोजित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रसारण किया है, जिसमें श्रीनगर में तीसरी पर्यटन कार्य समूह की बैठक, मुंबई में तीसरी पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह की बैठक आदि शामिल हैं। **'भारत@जी20'** नामक विशेष कार्यक्रम की एक श्रृंखला सप्ताह के दिनों में प्रतिदिन, एक विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम **'ए जी20 स्पेशल: इंडिया कॉलिंग'** प्रसारित किया जा रहा है और डीडी न्यूज पर एक विशेष कार्यक्रम **'भारत@20:वसुधैव कुटुंबकम'** साप्ताहिक रूप से डीडी न्यूज पर प्रसारित किया गया है।

8.2 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से **सर्वांगीण प्रचार प्रदान किया और** देश भर के **कम से कम 41 समाचार पत्रों में एक विशेष जी-20 लेख प्रकाशित किया।** पीआईबी अनुसंधान यूनिट द्वारा कुल **3 एक्सप्लेनर** और **2 पॉडकास्ट** जारी किए गए थे और **पीआईबी जी20 माइक्रोसाइट** को जी20 से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में नियमित रूप से अपडेट किया गया है। मुफ्त प्रचार सुनिश्चित करने के लिए पीआईबी द्वारा एक समर्पित सोशल मीडिया अभियान भी चलाया गया।

9. **अन्य विशेष कवरेज**

9.1 **चुनाव कवरेज:** डीडी न्यूज चुनावी राज्य कर्नाटक से संबंधित सभी कार्यकलापों का प्रसारण कर रहा है। ग्राफिक्स और लाइव रिपोर्टिंग के साथ सभी रुझानों और परिणामों को कवर करने के लिए एक विशेष **एक दिवसीय लाइव कार्यक्रम 'जनादेश'** और **'डीडी डायलॉग - बैटल फॉर कर्नाटक' नामक एक विशेष कार्यक्रम** प्रसारित किया गया।

9.2 **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2023** : केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय/फील्ड कार्यालयों ने **आईडीवाई काउंटडाउन/योग उत्सव** विषय पर 11 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी), 04 वेबिनार, 05 विशेष आउटरीच कार्यक्रम (एसओपी) और 19 फील्ड कार्यक्रम आयोजित किए।

9.3 डीडी न्यूज ने माननीय प्रधान मंत्री के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 कार्यक्रम के उद्घाटन, गांधी नगर में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास, नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 16वें सिविल सेवा दिवस पर संबोधन, अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2023 का उद्घाटन, पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाना, हिरोशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण के बाद संबोधन, तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग (एफआईपीआईसी) शिखर सम्मेलन में संबोधन, सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम में संबोधन, नये संसद भवन का उद्घाटन आदि की लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

**10.** प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने **'भारत-दुनिया को समग्र कल्याण का उपहार'** विषय पर योजना का जून 2023 अंक प्रकाशित किया, जिसमें सचिव आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के मुख्य लेख और पूरी दुनिया के लिए समग्र स्वास्थ्य प्राप्त करने की दिशा में भारत के योगदान को दर्शाया गया है।

**11. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण** मंत्रालय की **पहलें -**

- **'मुजीब - द मेकिंग ऑफ ए नेशन' (बांग्ला):** फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन पूरा हो चुका है और फिल्म तैयार है। माह के दौरान 09.05.2023 और 10.05.2023 को फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग भी आयोजित की गई।

- **क्षेत्रीय समाचारों में पहल:** आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग ने 21.05.2023 को छत्तीसगढ़ में गोंडी बोली में साप्ताहिक समाचार बुलेटिन शुरू किया। आकाशवाणी देहरादून ने भी 29.05.2023 से प्रतिदिन 10 मिनट के लिए गढ़वाली में समाचार प्रसारित करना शुरू कर दिया।

- **डिजीटल मीडिया:**

  - आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69क के तहत कवर की गई सामग्री को कैरी करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत 1 **ट्विटर अकाउंट को बंद करने के निर्देश जारी किए।**

- एक स्व-विनियमन निकाय नामत: **डिजिटल मीडिया सामग्री विनियामक परिषद (डीएमआरसी), भारतीय प्रसारण और डिजिटल फाउंडेशन,** सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम,2021 के नियम 12 के अनुसार ऑनलाइन क्यूरेटेड सामग्री के प्रकाशक के लिए **लेवल II स्व-विनियमित निकाय** के रूप में पंजीकृत की है।
- **ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों के सरोगेट विज्ञापनों सहित विज्ञापनों पर अंकुश लगाने** के लिए आवासन और शहरी कार्य के मंत्रालय और भारतीय प्रेस परिषद को पत्र भेजा गया।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 04 नई अनुमतियाँ जारी की हैं और माह के दौरान कोई भी अनुमति रद्द नहीं की है। भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **31.05.2023 तक 910** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने माह के दौरान **पांच (05) नए अनुमति अनुदान समझौतों (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं** और **चार (04) जीओपीए का नवीनीकरण किया है । 4 नए सीआरएस** मई, 2023 में **चालू हो गए हैं।**

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** माह के दौरान प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 की 96 शिकायतें और **09 स्वत: संज्ञान मामले** दर्ज किए गए और **04 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं।**

- **भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय(आरएनआई):** माह के दौरान **814** शीर्षक सत्यापन प्रमाणपत्र, **605** पंजीकरण प्रमाणपत्र (नए और संशोधित) और **38** परिचालन सत्यापन प्रमाणपत्र जारी किए गए; और माह के दौरान **33** सांसद/मंत्री/वीआईपी मामले, **28** लोक शिकायतें और **73** आरटीआई/आरटीआई प्रथम अपील पर कार्रवाई की गई।

- पत्र सूचना कार्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 12 क्षेत्रीय भाषाओं में **6475 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की, **24 औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस** आयोजित किए और भारत की जी20 की अध्यक्षता आदि पर **14 लेख प्रकाशित किए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने 14 फर्जी खबरों का पर्दाफाश किया** और 20 ट्वीट पोस्ट किए। पीआईबी की अनुसंधान **यूनिट ने 70 दस्तावेज़ प्रकाशित किए** और पिछले 9 वर्षों के दौरान प्राप्त की गई उपलब्धियों को दर्शाने वाले विभिन्न क्षेत्रों पर फैक्टशीट तैयार करना शुरू कर दिया है, अब तक 26 फैक्टशीट जारी की जा चुकी हैं।

- केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने आजादी का अमृत महोत्सव, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष, भारत की जी20 अध्यक्षता और भारत सरकार की प्रमुख स्कीमों की थीम पर 05 एकीकृत संचार और लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), 02 स्टैंडी प्रदर्शनियां और 02 रेडियो टॉक का आयोजन किया। देश भर में **सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जागरूकता के लिए निम्नानुसार कार्य किए**:

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 16814 (333238) | 6436 | 2816 | 25163 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **87ग्राफिक्स/ वीडियो/ छवियां/ पोस्ट/ ट्वीट** आदि साझा करके माह के दौरान विभिन्न प्लेटफार्मों पर विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

**सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष** और अन्य प्रमुख अभियानों जैसे **सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 9 वर्ष पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव, अमृतकाल बजट श्रृंखला के माध्यम से केंद्रीय बजट 2023-24, श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में जी20 की बैठक** आदि को अभियानों के लिए इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23073775